Disclaimer

The Institute has given the right of translation of the material in hindi and is not responsible for the quality of the translated version. While due care has been taken to ensure the quality of the original material. If any errors or omissions are noticed in Hindi then kindly refer with English version.

© The Institute of Chartered Accountants of India

पेपर 4: कराधान

खंड A: आयकर कानून

भाग I: वैधानिक अपडेट

आयकर कानून जैसा वित्त अधिनियम 2018 द्वारा संशोधित किया गया जिसमे 30 अप्रैल 2019 तक जारी महत्वपूर्ण अधिसूचना/परिपत्र सम्मिलित है, नवम्बर 2019 परीक्षा के लिए लागू है। नवम्बर 2019 के लिए प्रासंगिक कर निर्धारण वर्ष 2019-20 है। अध्ययन सामग्री का जुलाई 2018 संस्करण, आयकर कानून के प्रावधान पर आधारितहै जैसा वित्त अधिनियम 2018 द्वारा संशोधित किया तथा 30 अप्रैल 2018 तक जारी महत्वपूर्ण अधिसूचना/परिपत्र पर आधारित है।

30.4.2019 तक जारी महत्वपूर्ण अधिसूचना/परिपत्र जो नवम्बर 2019 के लिए प्रासंगिक है परन्तु अध्ययन सामग्री के जुलाई 2018 संस्करण में कवर नही है, को नीचे दिया है।

अध्याय 3: आय जो कुल आय का भाग नही बनती

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10AA के अन्तर्गत स्वीकार्य कटौती की गणना [परिपत्र संख्या 4/2018 दिंनाक 14-8-2018]

धारा 10AA(7) का प्रावधान के अनुसार, वस्तु अथवा सेवा (कम्पयूटर सोफ्टवेयर सहित) का निर्यात से प्राप्त लाभ वह राशि होगी जो उसी अनुपात में उपक्रम इकाई होने के नाते व्यापार के लाभ को वाहन करती है जैसे इस प्रकार की वस्तु अथवा सेवा के संबंध मे निर्यात टर्नओवर, उपक्रम द्वारा चलायी जा रही व्यापार की कुल टर्न ओवर के साथ वहन करता है।

आगे धारा 10AA के स्पष्टीकरण 1 के वाक्य (1) के अनुसार "निर्यात टर्न ओवर" का अर्थ कर निर्धारी द्वारा भारत में लायी गयी अथवा प्राप्त वस्तु अथवा सेवा की उपक्रम जो एक इकाइ है, के द्वारा निर्यात के संबंध मे प्रतिफल से है परन्तु भारत से बाहर सेवा(कम्पयूटर सोफ्ट वेयर सहित) की सेवा को प्रदान करने मे विदेशी विनिमय में उत्पन्न व्यय अथवा भारत से बाहर वस्तु की सुपुर्दगी से जुड़ा भाड़ा दूरसंचार प्रभार अथवा बीमा सम्मिलित नहीं है।

मुद्दा क्या भाड़ा, दूरसंचार प्रभार तथा बीमा व्यय धारा 10AA के अन्तर्गत स्वीकार्य कटौती को निकालते हुए इस आधार पर दोनों''निर्यात टर्न ओवर''तथा ''योग टर्न ओवर''से बाहर रखा जायेगा कि वे भारत से बाहर वस्तु की सुपुर्दगी से जुड़े हैं अति विवादपूर्ण हैं। इसी तरह, मुद्दा क्या भारत से बाहर सेवा को प्रदान करने के लिए प्रभार की धारा 10AA के अन्तर्गत स्वीकार्य कटौती की गणना करते हुए इस आधार पर ''निर्यात टर्न ओवर''तथा ''कुल टर्न ओवर''से अलग किया जायेगा कि इस प्रकार के प्रभार भारत से बाहर सेवा को प्रदान करने में परिवर्तनशील विदेशी विनिमय में उत्पन्न व्यय से जुड़े हैं अति विवादशील हैं।

विवाद को अंततः धारा 10A के संबंध में Commissioner of Income Tax, Central-III Vs. M/s HCL Technologies Ltd. (CA No. 8489-8490 of 2013, NJRS Citation 2018-LL-0424-40)में निपटाया गया।

मुद्दा केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा परीक्षण किया तथा यह स्पष्ट किया गया कि उच्चतम न्यायालय के उपरोक्त निर्णय के मद्देनजर धारा 10AA के अन्तर्गत स्वीकार्य कटौती को

© The Institute of Chartered Accountants of India

निकालते हुए भाड़ा, दूरसंचार प्रभार तथा बीमा व्यय को दोनों "निर्यात टर्नओवर" तथा "कुल टर्नओवर', से अलग किया जायेगा जहां तक वे भारत से बाहर वस्तु की सुपुर्दगी से जुड़े हैं।

इसी तरह, धारा 10AA के अन्तर्गत स्वीकार्य कटौती की गणना करते हुए भारत से बाहर सेवा को प्रदान करने के लिए विदेशी मुद्रा में व्यय को दोनों "निर्यात टर्नओवर" तथा "कुल टर्नओवर" से अलग किया जायेगा।

नोट: *यद्यपि CBDT परिपत्र को पहले की धारा संख्या 10A के संबंध में जारी किया है। यह धारा 10AA के संदर्भ में भी प्रासंगिक है। तदानुसार, परिपत्र में धारा 10A के संदर्भ तथा प्रासंगिक उपधारा और उसकी स्पष्टीकरण संख्या को संशोधित किया तथा धारा 10AA के संदर्भ में तथा अनुरूप उपधारा, स्पष्टीकरण संख्या तथा स्पष्टीकरण का वाक्य को दिया गया।*

अध्याय 4 युनिट 1: वेतन

उपदान का भुगतान अधिनियम 1972 के अर्न्तत कवर नहीं कर्मचारियों के मामले में बढे हुए उपदान के संबंध में विमुक्ति के लिए अधिसूचना सीमा

धारा 10(10)(iii)के अनुसार, जहां पर एक कर्मचारी उपदान भुगतान अधिनियम 1972 के अन्तर्गत कवर नहीं है, एक कर्मचारी द्वारा अपनी सेवा निवृति पर अथवा इस प्रकार की सेवा निवृति से पहले अशक्त होने पर अथवा अपने रोजगार की समाप्ति पर प्राप्त कोई उपदान अथवा उसकी मृत्यु पर उसकी विधवा, बच्चे अथवा आश्रित के द्वारा प्राप्त उपदान निम्न सीमा में से न्यूनतम की हद कि कर से विमुक्त है:

(i) पूर्ण सेवा के वर्ष प्रत्येक वर्ष के लिए ½माह का वेतन

(ii) वास्तव में प्राप्त उपदान

(iii) निर्दिष्ट सीमा (अर्थात् केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित सीमा)

केंद्रीय सरकार ने कर्मचारियों को भुगतानयोग्य किसी उपदान की अधिकतम राशि को ध्यान में रखकर कर्मचारियों जो 29 मार्च 2018 को अथवा उसके पश्चात् सेवा निवृत हुए हैं अथवा सेवा निवृति से पूर्व अशक्त हो गये हैं अथवा उक्त तिथि को अथवा उसके पश्चात् उनकी सेवा समाप्त हो गयी है, के संबंध में धारा के 10(10)(iii) के उद्देश्य के लिए `20 लाख की सीमा निर्दिष्ट की है। वास्तव में केंद्रीय सरकार ने अपनी अधिसूचना के जरिये 29.03.2018 के प्रभाव से निर्दिष्टसीमा को `10 लाख से बढ़ाकर `20 लाख कर दिया है।

अध्याय9 : अग्रिम कर, स्त्रोत पर कर कटौती तथा स्त्रोत पर कर सग्रहंण की प्रस्तुति

"Power Finance Corporation Limited 54EC Capital Gains Bond" तथा "Indian Railway Finance Corporation Limited 54EC Capital Gains Bond" पर भुगतान योग्य ब्याज पर स्त्रोत पर किसी कर कटौती की आवश्यकता नहीं है''[अधिसूचना संख्या 27 तथा 28/2018दिनांक 18-06-2018]

धारा 193 (प्रतिभूति पर ब्याज) प्रदान करता है कि प्रतिभूति पर ब्याज के जरिये किसी आय को एक निवासी को भुगतान करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति नकद अथवा चैक अथवा ड्राफ्टअथवा किसी अन्य साधन में भुगतान के समय अथवा भुगतान प्राप्तकर्ता के खाता में आय

© The Institute of Chartered Accountants of India

को क्रेडिट करते समय भुगतानयोग्य ब्याज की राशि पर 10% की लागू दर से आयकर की कटौती करेगा।

धारा 193 का उपबंध का वाक्य (iib) के अनुसार, किसी सस्थान अथवा प्राधिकरण अथवा किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अथवा सहकारी समिति (सहकारी जमीन बंधक बैंक अथवा एक सहकारी जमीन विकास बैंक सहित) जैसा केंद्रीय सरकार इस संदर्भ मे राजकीय राजपत्र में जारी अधिसूचना के जरिये किया हो, इस प्रकार के ऋणपत्र पर भुगतान योग्य किसी ब्याज से स्त्रोत पर कटौती करने की आवश्यकता नहीं है।

तदानुसार, केंद्रीय सरकार ने अधिसूचना के जरिये निम्न को निर्दिष्ट किया है -

(i) "Power Finance Corporation Limited द्वारा जारीPower Finance Corporation Limited {PFCL}54EC Capital Gains Bondतथा

(ii) "Indian Railway Finance Corporation Limited 54EC Capital Gains Bond" issued by Indian Railway Finance Corporation Limited {IRFCL}

इस विमुक्ति का लाभ यद्यपि केवल पृष्टांकन अथवा सुर्पुदगी द्वारा इस प्रकार के बाँड के अंतरण के मामले में स्वीकृत होगा यदि अंतरणी इस प्रकार के अंतरण के साठ दिवस की अवधि के अंदर पंजीकृत डाक द्वारा RFCL/IRFCLको सूचित करता है।

वरिष्ठ नागरिकों के मामले में धारा 194Aके अन्तर्गत स्त्रोत पर कोइ कर कटौती नहीं होगी यदि ब्याज की योग राशि ` 50,000 से अधिक नहीं है[अधिसूचना संख्या 6/2018, दिनांक 6-12-2018]

धारा 194A के अनुसार प्रतिभूति पर ब्याज के अतिरिक्त ब्याज पर स्त्रोत पर कर कटौती की आवश्यकता है। यद्यपि, धारा 194A(3) इस आवश्यकता से विमुक्ति को प्रदान करता है जहां पर वित्तीय वर्ष के दौरान ब्याज का भुगतान हुआ व क्रेडिट किया गया अथवा भुगतान या क्रेडिट किए जाने की संभावना है, जो `10,000से अधिक नहीं है तथा भुगतानकर्ता एक बैंकिंग कम्पनी, बैंकिंग व्यापार में लिप्त सहकारी समिति अथवा डाक कार्यालय है। वरिष्ठ नागरिक (एक निवासी) के मामले में, इस प्रकार के मामले में स्त्रोत पर कर की गैर कटौती के लिए ` 50,000 की उच्च न्यूनतम सीमा को निर्दिष्ट किया है।

तदानुसार, धारा 194A(3) के तृतीय उपबंध के अनुसार, वरिष्ठ नागरिक के मामले में किसी भी कर की कटौती करने की आवश्यकता नहीं है जहां पर एक बैंकिंग कम्पनी, बैंकिंग व्यापार में लिप्त सहकारी समिति अथवा डाक कार्यालय के द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान क्रेडिट अथवा भुगतान की गई ब्याज की राशि अथवा ब्याज की राशि का योग `50,000से अधिक नहीं है। यद्यपि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ कर कटौतीकर्ता/बैंक कर कटौती कर रहे हैं चाहे जब ब्याज की राशि ` 50,000से अधिक नहीं है।

आयकर नियम 1962 का नियम 31A(5) के अन्तर्गत DGIT (सिस्टम) वापिसी के लिए दावा अथवा विवरण का जमा करने तथा सत्यापन का उद्देश्यके लिए प्रक्रिया, फोरमेट तथा मानक को निर्दिष्ट करने के लिए प्राधिकृत है तथा इस प्रकार निर्दिष्ट तरीके में वापिसी के लिए दावा अथवा विवरण का जमा करने तथा सत्यापन के संबंध में दिन प्रतिदिन प्रशासन के लिए उत्तरदायी होगा।

© The Institute of Chartered Accountants of India

तदानुसार, प्रमुख महानिदेशक आयकर (सिस्टम) ने नियम 31A(5) के अन्तर्गत CBDT द्वारा भारर्पित अधिकार के उपयोग में स्पष्ट किया कि धारा 194A के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिक के मामले में स्त्रोत पर कोई कर कटौती नहीं की जायेगी जहां पर वित्तीय वर्ष के दौरान इस प्रकार की आय की राशि अथवा इस प्रकार की आय की राशि का योग `50,000से अधिक नहीं है।

धारा 194A(3)((iii)(f) के उद्देश्य के लिए अधिसूचित गृह तथा नागरी विकास निगम लिमिटेड (HUDCO)[अधिसूचना संख्या 26/2019, दिनांक 20.03.2019]

धारा 194A(3)((iii)(f) प्रदान करता है किइस प्रकार की संस्थान,एसोसिएशन अथवा संस्था की श्रेणी जिसे केंद्रीय सरकार द्धारा अधिसूचित किया, को भुगतान अथवा क्रेडिट ब्याज की आय पर किसी भी कर कटौती की आवश्यकता नहीं है। तदानुसार केंद्रीय सरकार ने इस अधिसूचना के जरिये उक्त धारा के उद्देश्य के लिए HUDCOको अधिसूचित किया है।

इस अधिसूचना के परिणाम में, HUDCOको क्रेडिट अथवा भुगतान प्रतिभूति पर ब्याज के अतिरिक्त ब्याज से स्त्रोत पर कर कटौती करने की आवश्यकता नहीं है।

अध्याय 10: आय की विवरणी को फाइल करने के लिए प्रावधान तथा स्वयं कर निर्धारण

कुछ व्यक्तियों के संबंध में PAN का आबंटन करने के लिए आवेदन करने की समय सीमा [अधिसूचना संख्या 82/2018, दिनांक 19-11-2018]

धारा 139A(1) व्यक्तियों की सूची बनाता है जिन्हें PAN का आबंटन नहीं किया ताकि वे उस समयावधि में जैसा निर्धारित किया, PAN के आबंटन के लिए करनिर्धारण अधिकारी को आवेदन करे। इस प्रकार के आवेदन को करने के समय को नियम 114(3)में निर्धारित किया है।

वित्त अधिनियम 2018 ने नीचे सारणी का कॉलम (2) में (iv) तथा (v) में वर्णित व्यक्तियों को सम्मिलित करने के लिए धारा 139A(1) के अन्तर्गत कवर व्यक्तियों की सूची को बढाया जिनको PANका आबंटन नहीं किया। PAN का आबंटन के लिए कर निर्धारण अधिकारी को आवेदन कर सकते हैं। तदानुसार नियम 114(3) को PAN का आबंटन के लिए कर निर्धारण अधिकारी को आवेदन करने के लिए इस प्रकार के व्यक्तियों के लिए समय सीमा (नीचे सारणी का कॉलम (3)में संकेत दिया) को प्रदान करने के लिए इस अधिसूचना के जरिये संशोधित किया।

नीचे सारणी धारा 139A(1)में वर्णित व्यक्तियों की सूची को समाहित करती है जिन्हें PAN का आबंटन नहीं किया, PAN के लिए आवेदन कर सकते हैं तथा प्रत्येक मामले में इस प्रकार का आवेदन करने की समय सीमा है।

(1)	(2)	(3)
	PANको आवेदन करने के लिए व्यक्ति	**इस प्रकार के आवेदन को करने के लिए समय सीमा**
(i)	प्रत्येक व्यक्ति जिसकी कुल आय या किसी आय व्यक्ति की कुल आय जिसके संबंध में वह	इस प्रकार के आवेदन को करने के लिए समय सीमा कर निर्धारण

© The Institute of Chartered Accountants of India

	निर्धारती है आयकर अधिनियम में कर से गैर वसूली योग्य अधिकतम राशि से अधिक है।	वर्ष जिससे इस प्रकार की आय निर्धारण योग्य है, की 31मई को अथवा उससे पूर्व
(ii)	प्रत्येक व्यक्ति जो किसी व्यापार अथवा पेशे को चला रहा है जिसकी कुल बिक्री, टर्नओवर अथवा सकल प्राप्ति किसी गत वर्ष में ` 5 लाख से अधिक है अथवा अधिक होने की संभावना है।	उप वित्तीय वर्ष (गत वर्ष)की समाप्ति से पूर्व
(iii)	एक individual के अतिरिक्त प्रत्येक व्यक्ति जो निवासी है एक वित्तीय वर्ष में ` 2,50,000अथवा अधिक की योग में राशि की वित्तीय सौदे में प्रवेश करता है।	वित्तीय वर्ष के एक दम बाद 31 मई को अथवा उससे पहले
(iv)	प्रत्येक व्यक्ति जो उपर (iv) में संदर्भित किसी व्यक्ति का प्रबंध निदेशक, निदेशक, साझेदार, न्यासी, लेखक, फाउंडर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रमुख अधिकारी अथवा पदाधिकारी है अथवा उपर (iv) में संदर्भित इस प्रकार के व्यक्ति की तरफ से कार्यवाही करने के लिए सक्षम कोई व्यक्ति	वित्तीय वर्ष जिसमें (iv) में संदर्भित व्यक्ति उसमें निर्दिष्ट वित्तीय सौदों में प्रविष्ट होता है, के एक दम बाद की 31मई को अथवा उससे पहले

1.4.2019 को अथवा पश्चात् फाइल विवरणी में आधार संख्या का उद्धरण अनिवार्य है [परिपत्र संख्या 6/2019 दिनांक 31.03.2019]

धारा 139AA(1)(ii)के अनुसार, 01.07.2017के प्रभाव से, प्रत्येक व्यक्ति जो आधार संख्या को प्राप्त करने के लिए पात्र है, को आय की विवरणी में आधार संख्या को उद्धरित करना होगा।

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णयों की ऋंखला में धारा 139AAकी वैद्यता को स्वीकारा है। परिणामतः 01.04.2019के प्रभाव से CBDT ने स्पष्ट किया है कि आय की विवरणी को फाइल करते हुए आधार संख्या का उद्धरण अनिवार्य है जब तक धारा 139AA(3)के अन्तर्गत जारी किसी अधिसूचना के अनुसार विशिष्ट रूप से विमुक्त ना हो इसलिए1.4.2019 को अथवा उसके पश्चात् इलैक्ट्रोनिकली अथवा हस्तगत दाखिल विवरणी को आधार संख्या को उद्धरण के बिना फाइल नहीं किया जा सकता।

निर्धारित प्राधिकरण को आधार संख्या की सूचना के लिए समय सीमा [अधिसूचना संख्या 31/2019, दिनांक 31.03.2019]

धारा 139AA(2) प्रदान करता है कि प्रत्येक व्यक्ति जिसे 1 जुलाई 2017 को स्थायी खाता संख्या का आबंटन किया तथा जो आधार संख्या को प्राप्त करने के लिए पात्र है अपने आधार संख्या को केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित तिथि को अथवा उससे पूर्व, निर्धारित प्राधिकरण को आधार संख्या सूचित करेगा।

© The Institute of Chartered Accountants of India

तदानुसार, केंद्रीय सरकार ने अधिसूचना के जरिये अधिसूचित किया है कि प्रत्येक व्यक्ति जिसे 1 जुलाई 2017 को स्थायी खाता संख्या PAN आबंटित किया है तथा जो आधार संख्या को प्राप्त करने के लिए पात्र है, 30 सितम्बर 2019 तक प्रमुख DGIT (सिस्टम) अथवा आयकर प्रमुख (सिस्टम) को अपनी आधार संख्या सूचित करेगा।

यह अधिसूचना यद्यपि उन व्यक्तियों अथवा व्यक्तियों की श्रेणी अथवा किसी राज्य अथवा किसी राज्य के भाग पर लागू नहीं होंगी जो विशिष्ट रूप से धारा 139AA(3)के अन्तर्गत अलग किया गया है।

भाग II: प्रश्न तथा उत्तर

वस्तुपरक प्रश्न

I. श्री अजय को 31.3.2019 को समाप्त वित्तीय वर्षके दौरान 50 ग्राम प्रत्येक की दो सोने की जंजीर (जिसका बाजार मूल्य प्रति `1,45,000 है) का स्वामी पाया गया। परन्तु वह इन सोने की जंजीरों के अधिग्रहण पर व्यय `50,000 का ही संतोषजनक स्पष्टीकरण दे सका। धारा 115BBE के अनुसार श्री अजय–

(a) ` 1,87,200

(b) ` 2,26,200

(c) ` 1,49,760

(d) ` 1,80,960

के कर भुगतान के लिए दायी होगा।

II. एक अनिवासी श्री सुहान (आयु 35 वर्ष), ने गत वर्ष में एक2018-19मे एक भारतीय कम्पनी से `12,50,000 की लाभांश आय को अर्जित किया जिसे फ्रांस मे बैंक खाता मे सीधे क्रेडिट किया गया तथा भारतीय स्टेट बैंक में बचत खाते पर ब्याज के रूप मे `15,000 को क्रेडिट किया। यह मानकर कि उसकी कोई अन्य आय नहीं है, कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए भारत मे उसके हाथो में कर से वसूलीयोग्य आय की राशि क्या होगी?

(a) ` 2,55,000

(b) ` 2,65,000

(c) ` 15,000

(d) ` 5,000

III. XYZ Ltd.की दो युनिट हैं एक युनिट विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ)तथा एक अन्य युनिट घरेलू टैरिफ क्षेत्र (DTA)में है। SEZ मे युनिट ने 12.3.2012 से निर्माणी के लिए आरंभ किया तथा 15.6.2015से DTAकी युनिट मे निर्माण आरंभ किया। XYZ Ltd.की कुल टर्नओवर तथा DTA मे युनिट की टर्नओवर क्रमशः 8,50,00,000 तथा 3,25,00,000है। SEZ

© The Institute of Chartered Accountants of India

तथा DTAमे युनिट की निर्यात बिक्रीक्रमशः2,50,00,000 तथा `1,25,00,000 है तथा SEZ तथा DTAमे युनिट काशुद्व लाभ क्रमशः 80,00,000 तथा 45,00,000है। XYZ Ltd. धारा 10AA के अन्तर्गत कटौती के लिए पात्र होगा -

(a) ` 38,09,524

(b) ` 19,04,762

(c) ` 23,52,941

(d) ` 11,76,471

IV. श्री जगत पूर्वी भारत का क्षेत्र मे परिचालित मोबाइल कम्पनी Bharat Ltdका लेखा विभाग में कर्मचारी है। यह मोबाइल यंत्र के निर्माण में लिप्त है। वित्तीय वर्ष2018-19के दौरान श्री जगत द्वारा निम्न सौदे किये गये:

(i) उसने "अनुलाभ मूल्याँकन" पर सेमिनार में भाग लिया। `12,500की सेमिनार शुल्क का भुगतान Bharat Ltd.द्वारा किया गया।

(ii) मास्टर हिमांशु (श्री जगत का पुत्र) की टयूशन फीस की प्रतिपूर्ति Bharat Ltd.द्वारा की गयी। शुल्क की राशि `25,000है।

(iii) सुश्री सपना (श्री जगत की पुत्री)DPS Public School (Bharat Ltd.के स्वामित्व तथा रख–रखाव में) अध्ययन कर रही है। सुश्री सपना के लिए भुगतान टयूशन शुल्क `750माह था। इसी प्रकार के संस्थान मे शिक्षा की लागत `5,250प्रतिमाह है।

राशि की गणना करें जो कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए श्री जगत के हाथों मे शीर्ष वेतन के अन्तर्गत कर से वसूलीयोग्य है।

(a) ` 25,000

(b) ` 37,500

(c) ` 66,500

(d) ` 79,000

V. FX Ltdका एक कर्मचारी श्री Jha ने 15.05.2018को 60 वर्ष की आयु पूरी करली। वह वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान भारत का निवासी है तथा उसने `5 लाख (गणित) की वेतन आय अर्जित की। वर्ष के दौरान उसने लॉटरी से जीत कर `7 लाख अर्जित किये। कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए उसकी अग्रिम कर दायित्व की गणना करें:

(a) ` 2,20,000 + ` 8,800उपकर = `2,28,800, जोकि ` 12 लाख की कुल आय पर भुगतान योग्य कर है।

(b) ` 2,10,000 + ` 8,400उपकर = `2,18,400जोकि `7लाख की लॉटरी आय पर भुगतान योग्य कर है।

(c) ` 10,000 + `400उपकर = ` 10,400जो कि वेतन आय पर भुगतान योग्य कर है क्योंकि लॉटरी आय से स्त्रोत पर कर कटौती की गई होगी।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(d) शून्य

VI. APM Ltd.कपड़ा उद्योग में एक अंग्रेजी कम्पनी है। वित्तीय वर्ष2018-19के अंत पर अपने अशधारकों(अधिमान तथा समता अंशधारकों) को जमा प्रमाण पत्र (बिना ब्याज) का वितरित करने का निर्णय लिया। APM Ltd. का संग्रहित लाभ का कुल मूल्य `25 लाख था। श्री A 10% अंशपूंजी को धारण करने वाला APM Ltd. का समता अंशधारक है। वित्तीय वर्ष2018-19 के दौरान श्री A ने APM Ltd. से 5,00,000मूल्य का जमा प्रमाण पत्र(बिना ब्याज)काप्राप्त किया। श्री Aके हाथों में जमा प्रमाण पत्र की प्राप्ति की करयोग्यता पर टिप्पणी करें।

(a) जमा रसीद (बिना ब्याज) के अन्य स्त्रोत से आय के अर्न्तगत `2,50,000की हद तक करयोग्य है।

(b) जमा रसीद (बिना ब्याज) अन्य स्त्रोत से आय के अर्न्तगत पूर्णरूप से करयोग्य है।

(c) जमा रसीद (बिना ब्याज) विमुक्त है क्योंकिDDT कम्पनी द्वारा भुगतान योग्य है।

(d) जमा रसीद (बिना ब्याज) पूर्ण रूप से करयोग्य है तथा सकल कुल आय में सम्मिलित किया जाएगा। परन्तु इस प्रकार की रसीद अध्याय VI Aके अर्न्तगत कटौती के रूप में स्वीकृत होगी।

VII. 65 वर्षीय श्री हरी आगरा में65 वर्षका निवासी है। वित्त वर्ष 2013-14के दौरान उसने `25 लाख में कमला नगर मे गृह सम्पत्ति का क्रय किया। यह गृह सम्पत्ति वित्तवर्ष2015-16तक उसके द्वारा स्वंय गृहण में थी। वित्तवर्ष2016-17में वह दिल्ली में शिफ्ट हो गया तथा कमला नगर स्थित गृह सम्पति श्री किशोर को किराया पर दे दी। उसकी गृह.सम्मति से आय `5 लाख प्रति वर्षथी (गणना की) वित्तवर्ष2018-19के दौरान श्री हरी ने `2.50 लाख का दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ,`10 लाख की आकस्मिक आय `3 लाख की कृषिआय तथा `4 लाख का व्यापार से लाभ अर्जित किया। उसी वर्षके दौरान उसने बिना प्रतिफल के कमला नगर में स्थित गृह सम्पत्ति को श्री मति नीलम (पुत्र की पत्नी) को अंतरित कर दिया। बाद मे गृह सम्पति से आय को वित्तवर्ष2018-19 के लिए श्री मति नीलम द्वारा प्राप्त किया गया। कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए सकल कुल आय की गणना करे:

(a) ` 16.50 लाख

(b) ` 21.50 लाख

(c) ` 19.50 लाख

(d) ` 24.50 लाख

VIII. कर निर्धारण वर्ष2019-20 के लिए श्री कुमार की आय/हानि का विवरण निम्न है:

विवरण	राशि (`में)
वेतन से आय (गणना)	5,20,000
स्वयं गृहण गृह सम्पत्ति से हानि	95,000
किराया सम्पत्ति से हानि	2,25,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

धारा 35AD के अन्तर्गत निर्दिष्ट व्यापार से हानि	2,80,000
चिकित्सा व्यापार से हानि	1,20,000
दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ	1,60,000
अन्य स्त्रोत से आय	80,000

कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए श्री कुमार की सकल कुल आय की गणना करे:

(a) ` 4,40,000

(b) ` 3,20,000

(c) ` 1,60,000

(d) ` 4,80,000

IX. श्री पवन कॉफी की फलियों की पिसाइ तथा भूनने के व्यापार मे लिप्त है। वित्तवर्ष 2018-19के दौरान उसकी कुल आय `4.5 लाख है। श्री पवन ने कर निर्धारण वर्ष 2019-20के लिए आय की विवरणी को 3 मार्च 2020को फाइल किया। कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए पवन की आय की विवरणी को जमा करने में चूक के लिए भुगतानयोग्यशुल्क की गणना करें:

(a) ` 5,000

(b) ` 1,000से अधिक नहीं

(c) ` 10,000

(d) कोई शुल्क भुगतानयोग्य नहीं क्योंकि कुल आय `5,00,000से कम है।

X. श्री राणा मेरठ में निवास करने वाला भारत का निवासी है वित्तवर्ष2010-11के दौरान उसने `10 लाख में बहादुरपुर में स्थित कृषिभूमि का क्रय किया। जमीन एक क्षेत्र में स्थित है जिसकी वायु दूरी बहादुरपुर की पालिका की स्थानीय सीमा से 3 कि॰मी॰ है। इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या गत जनगणना के अनुसार 80,000 है। वित्तीय वर्ष2018-19के दौरान श्री राणा ने 29.1.2019को अपनी जमीन श्री जीत को ` 25 लाख मे बेचा। श्री राणा ने 31.7.2019कोNHAI का बांड में`5 लाख का निवेश किया। वित्तवर्ष2010-11 तथावित्तवर्ष2018-19 के लिए लागत सफिति सूचकांकक्रमशः 167 तथा 280 है। कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए श्री राणा के हाथों में पूंजीगत लाभ की राशि की गणना करें:

(a) ` 3,23,353

(b) ` 8,23,353

(c) ` 10,00,000

(d) उपरोक्त में से कोइ भी नहीं

विवरणात्मक प्रश्न

© The Institute of Chartered Accountants of India

1. श्री सुनील पटनी आयु 45 वर्षने करनिर्धारण वर्ष2019-20के लिए अपनी कुल आय की निम्न विवरण को दिया:

वेतन से आय (गणना की)	26,56,000
गृह सम्पत्ति से आय (गणना)	16,90,000
स्थायी जमा रसीदों (FDRs) से ब्याज	7,34,000

उसने अध्याय VI-Aके अर्न्तगत किसी कटौती का दावा नहीं किया। आपको आयकर अधिनियम 1961का प्रावधान के अनुसार श्री पटनी की कर दायित्व की गणना करनी है।

2. एक भारतीय नागरिक श्री राजेश शर्मा (आयु 62 वर्ष) अपनी व्यापारिक यात्रा तथा घूमने के लिए लगातार भारत से बाहर यात्रा करता है। उसने 29 मई 2018 को दिल्ली हवाई अड्डा को छोड़ा जैसा उसके पासपोर्ट मे स्टॉम्प है तथा 27अप्रैल2019 को वापिस आया। वह गत वर्षसे एकदम पहले 4वर्षके दौरान 365 दिवस से कम के लिए भारत मे रहा। उसका आवासीय स्थिति का निर्धारण करें तथा निम्न सूचना से कर निर्धारण वर्ष2019-20 की कुल आय का निर्धारण करें:

   (1) एक सूचीबद्ध भारतीय कम्पनी Tilt India Ltd. के अंशो की बिक्री पर अल्पकालीन पूंजीगत लाभ `58,000है। बिक्री राशी को सिंगाापुर में उसके बैंक खाता मेंक्रेडिट किया था।

   (2) एक सिंगापुर आधारित कम्पनी Treat Ltdसे ` 48,000 राशि का लाभांश प्राप्त किया जिसे सिंगापुर में उसके बैंक खाता में अंतरित किया। उसने 2 अप्रैल 2018को उपरोक्त वर्णित निवेश के लिए अनिवासी भारतीय श्री अभय से धन ऋण पर लिया। गत वर्ष2018-19के लिए ऋण पर ब्याज की राशि `5,800 थी।

   (3) पंजाब नेशनल बैंक के साथ स्थायी जमा पर ब्याज की राशि `9,500को बचत बैंक खाता मेंक्रेडिट किया गया।

3. संक्षिप्त कारणों सहित परीक्षण करें कि क्या निम्न आय कर से वसूलीयोग्य है तथा आयकर अधिनियम 1961का प्रावधान के संदर्भ में कर के लिए दायी राशि है:

   (i) ड्यूटी पर अपने व्यक्तिगत व्यय को पूरा करने के लिए परिवहन विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी श्री उत्तम प्रकाश द्वारा प्राप्त `18,000 प्रति माह का भत्ता

   (ii) गत वर्ष2018-19के दौरान भारत में निवासी श्री मति आध्या ने भारतीय कम्पनियो से लामांश के रूप में` 9,63,000का लाभांश तथा समता उन्मुख म्युचल फंड की युनिट से `4,34,000 का लाभांश प्राप्त किया।

4. एक निवासी व्यक्ति सुश्री सुहानी आयु 33 वर्षDaily Needs Ltd. का एक सहायक प्रबन्ध है। वह `48,000 प्रति माह का वेतन प्राप्त कर रही है। गत वर्ष2018-19दौरान उसने अपने नियोक्ता से निम्न राशि को प्राप्त किया।

   (i) मंहगाई भत्ता (मूल वेतन का 10% जो सेवा निवृति लाभ का भाग बनता है)

   (ii) `52,000की राशि का गत वर्ष2017-18का बोनस जो 30 नवम्बर 2018 को प्राप्त किया।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(iii) चिकित्सा व्यय को पूरा करने के लिए `48,000 का निश्चित चिकित्सा भत्ता

(iv) उसे `4,900की राशि अपने पर आश्रित पिता का चिकित्सा बिल की प्रतिपूर्ति प्राप्त हुई।

(v) सुहानी को निम्न प्रदान किया गया;

- कार्यालय तथा व्यक्तिगत दोनों उपयोग के लिए लेपटॉप। लेपटॉप को `35,000 में1 जून 2016 को कम्पनी द्वारा अधिगृहित किया।
- ` 5,000 का मासिक वेतन पर घरेलू नौकर जिसकी उसके नियोक्ता द्वारा प्रतिपूर्ति की गयी।

(vi) Daily Needs Ltd. ने सुश्री सुहानी के द्वारा ऑप्शन की उपयोग की तिथि पर `280 प्रति अंश की उचित बाजार मूल्य के विरूद्व `170की दर से अक्टूबर 2018 माह मे 700 समता अंशो का आबंटन किया उचित बाजार मूल्य की गणना अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित तरीके के अनुसार की गयी।

(vii) `2,200का पेशेवर कर (जिसमें से `1,400का नियोक्ता द्वारा भुगतान किया)

कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए सुश्री सुहानी के शीर्ष"वेतन" के अन्तर्गत आय की गणना करें।

5. श्री विहान कर निर्धारण वर्ष2019-20के दौरान भारत मे निवासी परन्तु असाधारण निवासी है। वह गत वर्ष2018-19के लिए अपनी गृह सम्पति से संबंधित आय/व्यय के संबंध मे निम्न सूचना को देता है:

- उसके दो घर हैं एक सिंगापुर में है तथा अन्य पुने मे
- सिंगापुर के घर को किराया पर दिया जिसका किराया SGD 4,000 प्रतिमाह है। समस्त किराया भारत मे प्राप्त किया जाता है। उसने वहां SGD 1250 की सम्पत्ति कर तथा SGD 750 के सीवरेज कर का भुगतान किया (1SGD=` 51)
- पुने का घर स्वयं गृहण है। उसने घर का निर्माण के लिए 1 जून 2014को 12%की दर से ` 25,00,000 का ऋण लिया। निर्माण 31 मई 2016 को पूर्ण हुआ तथा 1 जून 2016को गृह का गृहण किया।

  समस्त ऋण 31 मार्च 2019 को अदत है। द्वितीय गृह के संबंध मे ` 2,800का सम्पत्ति कर का भुगतान किया।

कर निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए श्री विहान के हाथो में गृहसम्पति से आय के अन्तर्गत वसूली योग्य आय की गणना करें।

6. श्री चिराग ने 18 मई 2018 को आन्ध्राप्रदेश राज्य का अधिसूचित पिछड़ा क्षेत्र मे बैंकिंग क्षेत्र की निर्माण इकाइ को स्थापित किया। गत वर्ष2018-19के दौरान उसके द्वारा निम्न मशीनरी का क्रय किया (15% ब्लॉक के अन्तर्गत आती है)

		राशि

© The Institute of Chartered Accountants of India

		(लाख `)
(i)	सहज लिमिटेड से उधार पर मशीनरी X,मशीनरी Y तथामशीनरी Z ली गई (स्थापना तथा उपयोग क्रमशः 18 जुलाई 2018, 25जुलाई 2018 तथा 1 अगस्त 2018को आरंभ किया) नैट बैकिंग के द्वारा सहज लिमिटेड को 15 अप्रैल 2019 को भुगतान किया।	58
(ii)	Swayam Limited से मशीनरी (8 अगस्त 2018को स्थापित) इंवायास का उसी दिवस को नकद भुगतान के जरिये भुगतान किया।	35
(iii)	Sunshine Limited से 18दिसम्बर 2018 को मशीनरी M (सेकेंड हेंड मशीन)क्रय इंवायस का भुगतान 5जनवरी 2019को NEFT के जरिये किया)	15

कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए आयकर अधिनियम 1961 की धारा 32 के अन्तर्गत ह्रास भत्ता की गणना करें।

7. श्री मति युविका ने मई 2004में`80 लाख में खाली जमीन का क्रय किया तथा अन्य व्यय जमीन की लागत का 10% था। उसने वित्तीय वर्ष2006-07के दौरान `100लाख में उक्त जमीन पर आवासीय भवन का निर्माण किया।

उसने अप्रैल 2015में श्री जोहर (संबंधी नहीं) के साथ उक्त आवासीय गृह की बिक्री का समझौता किया। बिक्री प्रतिफल `700 लाख पर निशचित किया गया। श्री मति युविका ने एक समझौता कर के नकद में`20लाख अग्रिम प्राप्त किया। यद्यपि श्री जोहर की तरफ से विफलता के कारण, सौदा पूर्ण नहीं हुआ तथा अतएव, श्री मति युविका द्वारा अग्रिम की उक्त राशि को जब्त कर लिया गया।

श्री मती युविका ने 01.08.2018को फिर से `810 लाख मे उक्त गृह का समझौता किया। सहमत प्रतिफल के लिए 14-1-2019को बिक्री प्रलेख का निष्पादन तथा पंजीकरण किया। यद्यपि स्टैंप ड्यूटी उद्देश्य के लिए सम्पत्ति का मूल्य `870लाख था। श्री मति युविका ने प्राप्त बिक्री प्रतिफल पर दलाली का रूप में1% का भुगतान किया।

बिक्री के पश्चात् श्री मति युविका ने निम्न निवेश किया:

(i) 31.5.2019को `130लाख में दिल्ली का आवासीय गृह को अधिगृहित किया।

(ii) 23.3.2019को `290लाख मेंUK में आवासीय गृह को अधिगृहित किया।

(iii) 29-3-2019 को `47 लाख तथा 12-5-2019को `50 लाख मेंNHAIपूंजीगत लाभ बांड (धारा 54ECके अन्तर्गत अनुमोदित) में अभिचायन किया।

शीर्ष'पूंजीगत लाभ' के अन्तर्गत वसूलीयोग्य आय की गणना करें। विमुक्ति का चयन करनिर्धारी को सर्वाधिक लाभप्रद तरीके में होना चाहिए।

लगत स्फिति सूचकांक वित्तीय वर्ष 2004-05 – 113; वित्तीय वर्ष 2006-07 – 122; वित्तीयवर्ष 2018-19 -280

© The Institute of Chartered Accountants of India

8. श्री राघव एक चाटर्ड अकाउटेंड है तथा वर्ष2018-19के लिए पेशे से उसकी आय `15लाख है। वह वर्ष2018-19के लिए आपको निम्न सूचना प्रदान करता है।

विवरण	`
कम्पनी जमा से अव्यस्क पुत्र राहुलकी आय	1,75,000
नृत्य से अव्यस्क पुश्री रिया (पेशेवर नृतकी) की आय	20,00,000
नृत्य से अर्जित आय में से किये गये स्थायी जमा पर रिया द्वारा कैनरा बैंक से प्राप्त ब्याज	20,000
राष्ट्रीय पुरस्कार का जीतने पर श्री राघव के मित्रों से रिया द्वारा प्राप्त उपहार	45,000
गृह सम्पत्ति से हानि (गणना की)	2,50,000
अल्पकालीन पूंजीहानि	6,00,000
धारा 112के अन्तर्गत दीर्घ कालीन पूंजीगत लाभ	4,00,000
धारा 111Aके अन्तर्गत अल्पकालीन पूंजीगत हानि	10,00,000

श्री राघव की आय क्लबिंग प्रावधान पर विचार करने से पूर्व अपनी पत्नी की आय से अधिक है।

कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए श्री राघव की कुल आय की गणना कीजिए तथा किस हानि को आगे ले जाएगा यह मान कर कि वह प्रति वर्षदेय तिथि से पहले आयकर विवरणी को दाखिल करता है।

9. एक निवासी श्री अरिहंत आयु 40 वर्षकर निर्धारण वर्ष2019-20 के लिए गृह सम्पत्ति से आय तथा वेतन से मिलकर `7,50,000 की सकल कुल आय है। उसने निम्न सूचना प्रदान की:

दिव्यांग पुत्र की जीवन बीमा पॉलिसी के लिए प्रीमियम के लिए `70,000 का भुगतान किया (धारा 80U अपगंता) बीमित राशि `4,00,000तथा पॉलिसी की जारी की तिथि 1-8-2017

पंजाब नेशनल बैंक में अपने व्यस्क पुत्र के नाम में कर बचत जमा में`90,000 जमा किया।

स्वयं तथा उसके जीवन साथी के लिए एक मुश्त भुगतान के रूप मे 3वर्ष की अवधि के लिए चिकित्सा बीमा के लिए ` 78,000भुगतान किया। साथ में उसके पिता एक निवासी आयु 68वर्षका चिकित्सा व्यय पर `54,000का व्यय किया। उसके पिता के नाम में कोई चिकित्सा बीमा पॉलिसी नहीं ली। उसके पिता ने स्थायी जमा पर `4,50,000का ब्याज अर्जित किया।

केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ गंगा फंड में`25,000 का अंशदान किया।

करनिर्धारण वर्ष2019-20के लिए अध्याय VI-A के अर्न्तगत कुल आय तथा कटौती की गणना करें।

© The Institute of Chartered Accountants of India

10. आपको एक निवासी व्यक्ति सुश्री राधिका आयु37वर्ष की कर निर्धारण वर्ष2019-20के लिए कुल आय तथा भुगतान योग्य कर की गणना करनी है। उसने 31-3-2019को समाप्त वर्ष से संबधित निम्न विवरण को दिया:

(i)	एक टी॰वी॰ गेम शो से जीत	77,000
(ii)	पिता के भाई से प्राप्त उपहार	85,000
(iii)	अपने नजदीकी मित्र से प्राप्त उपहार	80,000
(iv)	एक साझेदारी फर्म TVA & Co.जिसमें वह साझेदार है से15% प्रतिवर्ष की दर से पूंजी पर ब्याज को प्राप्त किया।	4,50,000
(v)	जमीन के खाली प्लाट से प्राप्त किराया (शुद्व)	3,03,300
(vi)	दिल्ली पर गृह के लिए Lime Pvt. Ltd.से प्राप्त राशि जिसके लिए तीन वर्ष पहले बढ़े हुए किराए के लिए सौदेबाजी की। इसे पहले के किसी वर्ष में कर नहीं लगाया। यद्यपि,गृह को मार्च 2018में बेचा।	2,85,000
(vii)	की मैन (Key-man) बीमा पोलिसी के अर्न्तगत प्राप्त राशि	4,35,000
(viii)	खाली प्लॉट के लिए उनके द्वारा जब्त राशि क्योंकि क्रेता समझौता के अनुसार डील को पूरी नही कर सका।	3,10,000
(ix)	धारा 12AAके अर्न्तगत पंजीकृत धर्मार्थ न्यास को नकद मे दिया दान	22,000
(x)	उसके पास ढाका, बंगलादेश कृषि भूमि है। उसने उससे कृषिआय को प्राप्त किया।	5,20,000
(xi)	अव्यस्क पुत्री के नाम में सार्वजनिक भविष्य निधि	1,25,000
(xii)	वर्ष के दौरान उक्त सार्वजनिक भविष्य निधि मेंक्रेडिट ब्याज	50,900
(xiii)	एक साझेदारी फर्म TVA & Co.से प्राप्त लाभ का हिस्सा	1,50,000

आय की उपयुक्त शीर्ष के अर्न्तगत गणना करें।

11. एक निवासी व्यक्ति श्री चंद्र प्रकाश आयु 54वर्षस्वयं कर निर्धारण का भुगतान की योजना बना रहा है तथा उसने 15.12.2019को अपनी आय की विवरणी को जमा किया। उसने गत वर्ष2018-19 के लिए अपनी आय स्त्रोत पर कर कटौती तथा भुगतान अग्रिम कर का निम्न विवरण दिया:

(i) खुदरा खिलौना व्यापार जिसकी टर्न ओवर `185 लाख [अकाउंट पेची चैक द्वारा 90 लाख,50 लाख ECSके जरिये तथा शेष नकद मे प्राप्त किया] उसने धारा 44ADके अर्न्तगत मान्यता कराधान योजना को चुना।

(ii) अन्य स्त्रोत से आय–`3,05,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

(iii) स्त्रोत पर कर कटौती–`55,000

(iv) 14-3-2019 को Advance tax paid `1,45,000

आय का अधिनियम 1961की धारा 234B के अन्तर्गत भुगतान योग्य ब्याज की गणना करें।

12. आयकर अधिनियम 1961की प्रासंगिक प्रावधान के संदर्भ मे परीक्षण करें क्या श्री शर्मा द्वारा निम्न हानि कटौती को आगे ले जाया/दावा किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2018-19के संबंध में हानि/कटौती है।

(i) स्वामी के रूप मे उसके द्वारा चलाये गये व्यापार से हानि ` 9,80,000(गणना की)

(ii) गैर अवशोषित ह्रास` 3,25,000 (गणना की)

(iii) गृह सम्पत्ति से हानि ` 50,000 (गणना की)

श्री शर्मा के लिए विवरणी को फाइल करने की धारा 139(1) के अर्न्तगत देय तिथि थी 31 जुलाई 2019 यद्यपि उसने 25.9.2019 को विवरणी फाइल की।

सुझाया उत्तर

वस्तुपरक प्रश्न

I. (a)
II. (d)
III. (b)
IV. (d)
V. (d)
VI. (c)
VII. (b)
VIII. (a)
IX. (b)
X. (d)

© The Institute of Chartered Accountants of India

विवरणात्मक प्रश्न

1. करनिर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए श्री सुनील पटनी की कर दायित्व की गणना

विवरण	`	`
वेतन से आय (गणना)		26,56,000
गृह सम्पत्ति से आय (गणना की)		16,90,000
स्थायी जमा प्राप्ति से ब्याज		7,34,000
कुल आय		**50,80,000**
कर दायित्व		
(A) ` 50,80,000की योग आय पर अधिभार सहित भुगतानयोग्य कर		
` 2,50,000तक	शून्य	
` 2,50,001 – ` 5,00,000, 5%की दर से	12,500	
`5,00,001 – `10,00,000,20%की दर से	1,00,000	
`10,00,001 – `50,80,000, 30%की दर से	12,24,000	
	13,36,500	
जोड़ें 10%की दर से अधिभार क्योंकि कुल आय ` 50लाख से अधिक है परन्तु ` 1 करोड़ से अधिक नहीं है।	1,33,650	14,70,150
(B) ` 50 लाख की कुल आय पर भुगतानयोग्य कर (` 12,500 जमा ` 1,00,000 जमा ` 12,00,000 जो ` 40,00,000का 30% है)		13,12,500
(C) आधिक्य भुगतानयोग्य कर (A)-(B)		1,57,650
(D) सीमांत राहत (` 1,57,650 – ` 80,000, यानि ` 50,00,000 के आधिक्य में आय)		77,650
भुगतानयोग्य कर (A)-(D) [` 14,70,150 – ` 77,650]		13,92,500
जोड़ें 4%की दर से स्वास्थ्य तथा शिक्षण उपकर		55,700
कर दायित्व		**14,48,200**

2. आवासीय स्थिति का निर्धारण

एक व्यक्ति को किसी गत वर्ष में निवासी कहा जाता है यदि वह निम्न में से एक शर्त को संतुष्ट करता है:

(i) वह गत वर्ष के दौरान भारत में 182दिवस अथवा अधिक के लिए भारत में है अथवा

(ii) वह गत वर्ष में गत वर्ष से एक दम पहले 4वर्षों के दौरान भारत में 365 दिवस

© The Institute of Chartered Accountants of India

अथवा अधिक तथा गत वर्ष में कम से कम 60 दिवस के लिए भारत में रहा है।

यदि व्यक्ति उपरोक्त वर्णित शर्त में से एक को संतुष्ट करता है, वह निवासी है यदि दोनों शर्तों को संतुष्ट नहीं किया जाता, व्यक्ति अनिवासी है।

एक भारतीय नागरिक श्री राजेश शर्मा ने निवासी होने के लिए मूल शर्त को पूरा नहीं किया क्योंकि वह गत वर्ष 2018-19के दौरान 59 दिवस के लिए भारत में था अतएव वह कर निर्धारण वर्ष A.Y.2019-20के लिए अनिवासी है।

करनिर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए श्री राजेश शर्मा की कुल आय की गणना 2019-20

	विवरण	राशि (`)
(1)	एक भारतीय सूचीबद्ध कम्पनी का अंशों की बिक्री पर अल्पकालीन पूंजीगत लाभ राजेश शर्मा के हाथों में कर से वसूलीयोग्य है क्योंकि यह भारत में उर्पाजित तथा उत्पन्न हुआ है चाहे बिक्री राशि को सिंगापुर के बैंक खाता में क्रेडिट किया है।	58,000
(2)	सिंगापुर आधारित कम्पनी से प्राप्त ` 48,000 का लाभांश जिसे सिंगापुर के बैंक खाता में अंतरित किया अनिवासी के हाथों में करयोग्य नहीं है क्योंकि आय ना ही तो भारत में उर्पाजित तथा उत्पन्न हुई तथा ना ही भारत में प्राप्त हुई है। क्योंकि लाभांश भारत में करयोग्य नहीं है निवेश के लिए भुगतान ब्याज कटौती के रूप में स्वीकार्य नहीं है।	Nil
(3)	बचत बैंक खाता में क्रेडिट पंजाब नेशनल बैंक के साथ स्थायी जमा पर ब्याज राजेश शर्मा के हाथों में अन्य स्त्रोत से आय के रूप में करयोग्य है क्योंकि यह भारत में उर्पाजित तथा उत्पन्न हुई है तथा भारत में प्राप्त हुई है। वह धारा 80TTBके अन्तर्गत कटौती के लिए पात्र नहीं होगा क्योंकि यह अनिवासी है।	9,500
कुल आय		**67,500**

3.

	प्रभार योग्यता	कर के लिए दायी राशि (`)	कारण
(i)	**आंशिक रूप से करयोग्य**	96,000	अपनी डयूटी के दौरान व्यक्तिगत व्यय को पूरा करने के लिए एक परिवहन सिस्टम में कार्यरत एक कर्मचारी को प्रदान भत्ता विमुक्त है बशर्ते वह दैनिक भत्ता की प्राप्ति में नहीं है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

			विमुक्ति इस प्रकार के भत्ता का 70% है (अर्थात् वर्तमान मामले में ` 18,000 का 70% जो ` 12,600है) अथवा ` 10,000 प्रति माह जो कम है। अतएव, ` 1,20,000 (अर्थात् ` 10,000 x 12) विमुक्त है। शेष ` 96,000 (` 2,16,000 – ` 1,20,000) श्री उत्तम प्रकाश के हाथों में करयोग्य है।
(ii)	**करयोग्य नहीं**	-	धारा 10(34)के अनुसार, भारतीय कम्पनियों से ` 10 लाख तक प्राप्त लांभांश जिस पर कम्पनी द्वारा लाभांश वितरण कर का भुगतान किया है। अंशधारक के हाथों में विमुक्त है। धारा 10(35)के अनुसार, म्युचल फंड की यूनिट से प्राप्त आय विमुक्त है। अतएव, ` 9,63,000जो भारतीय कम्पनियों से लाभांश तथा ` 4,34,000जो समता उन्मुख म्युचल फंड की इकाई से लाभांश है श्रीमति आध्या के हाथों में करयोग्य नहीं है।

4. कर निर्धारण 2019-20वर्ष के लिए सुश्री सुहानी के हाथों में शीर्ष 'वेतन' के अन्तर्गत आय की गणना

विवरण	`
मूल वेतन [` 48,000 x 12]	5,76,000
महंगाई भत्त [मूल वेतन का 10%]	57,600
बोनस [गतवर्ष 2018-19में करयोग्य है क्योंकि यह प्राप्ति आधार पर करयोग्य है]	52,000
स्थायी चिकित्सा भत्ता [करयोग्य]	48,000
पिता के लिए किए गए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति [करनिर्धारण वर्ष 2019-20के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के स्थान पर प्रस्तुत मानक कटौती के कारण पूर्णतः करयोग्य है चाहे पिता को 'परिवार' के शब्द में सम्मिलित किया है]	4,900
लेपटॉप की सुविधा [लेपटाप की सुविधा एक विमुक्त अनुलाभ है चाहे शासकीय अथवा व्यक्तिगत उद्देश्य अथवा दोनों के लिए प्रयुक्त किया है]	शून्य
घरेलू नौकर को वेतन की प्रतिपूर्ति [` 5,000 x 12] [पूर्णतः करयोग्य क्योंकि अनुलाभ में किसी दायित्व के संबंध में नियोक्ता द्वारा भुगतानयोग्य है]	60,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

आबंटित समता अंशों का मूल्य [700 समता अंश x ` 110 (` 280जो उचित बाजार मूल्य है – ` 170वसूल की जाने वाली राशि)]	77,000
नियोक्ता द्वारा भुगतान पेशेवर कर [अनुलाभ में किसी दायित्व के संबंध में नियोक्ता द्वारा भुगतान कोई राशि जो कर्मचारी द्वारा भुगतान योग्य होती, सम्मिलित है]	1,400
सकल वेतन	**8,76,900**
घटायें: धारा 16 के अन्तर्गत कटौती	
भुगतान पेशेवर कर	2,200
मानक कटौती (` 40,000अथवा वेतन की राशि का कम)	40,000
करयोग्य वेतन	**8,34,700**

5. कर निर्धारण वर्ष 2019-20के लिए श्री विहान की गृह सम्पत्ति की गणना

विवरण	`	`
1. सिंगापुर में किराये की सम्पत्ति से, आय [नीचे नोट 1को देखें]		
[1] सकल वार्षिक मूल्य (SGD 4,000 प्रतिमाह x 12 माह x ` 51)		24,48,000
घटा: वर्ष के दौरान भुगतान पालिका कर [SGD 2,000 (SGD 1,250 + SGD 750) x ` 51][2]		1,02,000
शुद्ध वार्षिक मूल्य (NAV)		23,46,000
*घटा:*धारा 24के अन्तर्गत कटौती		
(a) शुद्ध वार्षिक मूल्य का 30%	7,03,800	
(b) गृह ऋण पर ब्याज	-	7,03,800
		16,42,200
2. **पुने में स्वयं गृहण सम्पत्ति से आय**		
वार्षिक मूल्य [शून्य, क्योंकि सम्पत्ति स्वयंगृहण]		NIL
[स्वयं गृहण सम्पत्ति के संबंध में भुगतान पालिका कर के संबंध में कोई कटौती स्वीकार्य नहीं है]		
*घटा:*गृह ऋण पर ब्याज के संबंध में कटौती **[नीचे नोट 2 को देखें]**		2,00,000
		(2,00,000)

[1] *In the absence of information related to municipal value, fair rent and standard rent, the rent receivable has been taken as the GAV*

[2] *Both property tax and sewerage tax qualify for deduction from gross annual value*

© The Institute of Chartered Accountants of India

गृह सम्पत्ति से आय [` 16,42,200 – `2,00,000]		**14,42,200**

नोट:

(1) क्योंकि श्री विहान कर निर्धारण वर्ष 2019-20के लिए एक निवासी परन्तु असाधारण निवासी है, आय जिसे भारत में प्राप्त किया भारत में करयोग्य होगी चाहे यदि इस प्रकार की आय धारा 5(1)के प्रावधान के कारण भारत से बाहर उर्पाजित अथवा उत्पन्न हुई है। तदानुसार सिंगापुर में गृह सम्पत्ति से प्राप्त किराया भारत में करयोग्य होगी क्योंकि इस प्रकार की आय को उसके द्वारा भारत में प्राप्त किया है।

(2) **स्वयं गृहण का निर्माण के लिए गृह ऋण पर ब्याज धारा 24 के अन्तर्गत कटौती के रूप में स्वीकार्य है।**

चालू वर्ष के लिए ब्याज (` 25,00,000 x 12%)	` 3,00,000
निर्माण पूर्व ब्याज	
01.06.2014 से 31.03.2016 की अवधि के लिए (` 25,00,000 x 12% x 22/12) = ` 5,50,000	
5 बराबर किश्तों में स्वीकृत` 5,50,000 (` 5,50,000/5)	` 1,10,000
	` 4,10,000
स्वयं गृहण सम्पत्ति के मामले में, ब्याज कटौती ` 2,00,000 तक सीमित है।	` 2,00,000

6. कर निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए धारा 32के अन्तर्गत ह्रास की गणना

विवरण	`	`
Sahaj Ltd.से अधिगृहत मशीनरी X, मशीनरी Y तथा मशीनरी Z (क्योंकि Sahaj Ltd को भुगतान ECSके उपयोग द्वारा किया है तथा मशीनरी को गत वर्ष के दौरान 180दिवस से अधिक के लिए उपयोग में लाया है ह्रास 15%की दर से स्वीकार्य है)		58,00,000
नकद में Swayam Ltd. से अधिगृहित मशीनरी L तथा 8.8.2018को स्थापित [क्योंकि ` 35लाख का भुगतान को अकाउंट पेयी चैक/ड्राफ्ट अथवा ECSका उपयोग के बिना किया है, उक्त राशि को वास्तविक लागत में सम्मिलित नहीं किया जायेगा तथा अतएव ह्रास स्वीकार्य नहीं है]		NIL
18.12.2018को Sunshine Ltd से सेकेंटहेंड मशीनरी Mयह मानकर कि इसे गत वर्ष 2018-19में उपयोग के लिए स्थापित किया [क्योंकि Sunshine Ltd को ECSके उपयोग के जरिये भुगतान किया]		15,00,000
वास्तविक लागत		**73,00,000**

© The Institute of Chartered Accountants of India

<u>गत वर्ष 2018-19के लिए ह्रास</u>		
` 58 लाख पर मशीनरी X, Y तथा Z पर15% की दर से ह्रास	8,70,000	
मशीनरी M के लिए` 15 लाख पर 7.5% (15%का50%) की दर से ह्रास	1,12,500	
	9,82,500	
` 58 लाख पर 35%की दर से अतिरिक्त ह्रास क्योंकि मशीनरी को आंध्रा प्रदेश का राज्य में अधिसूचित पिछड़ा क्षेत्र में स्थापित एक निर्माणी युनिट के लिए अधिगृहित तथा स्थापित किया है।	20,30,000	
सैकेंड हेंड मशीनरी पर अतिरिक्त ह्रास स्वीकार्य नहीं है।	-	
करनिर्धारण वर्ष2019-20 के लिए धारा 32के अन्तर्गत ह्रास	**30,12,500**	

7. करनिर्धारण वर्ष 2019-20के लिए शीर्ष 'पूंजीगत लाभ' के अन्तर्गत वसूलीयोग्य आय की गणना

विवरण	` (लाख में)	` (लाख में)
आवासीय भवन की बिक्री पर पूंजीगत लाभ		
वास्तविक बिक्री प्रतिफल` 810 लाख		
